दिनांक : 20.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

बिहार में एनडीए विधायक दल के नेता चुने गये नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वे 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह पटना के गांधी मैदान में हुआ। इस दौरान सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, मंगल पांडे, नितिन नवीन और रामकृपाल यादव सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी समारोह में शिरकत की। एनडीए ने हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में भारी जीत हासिल की थी, और 243 सदस्यों वाली विधानसभा में 202 सीटें जीतकर सत्ता में वापसी की थी।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने कल दक्षिण अफ्रीका जाएंगे। तीन दिन के इस सम्मेलन में वे जी20 एजेंडे पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री जोहान्सबर्ग में कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। उनका दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित भारत–ब्राजील–दक्षिण अफ्रीका नेताओं की बैठक में भी भाग लेने का कार्यक्रम है।

000

प्रदेश में मूंग, मूंगफली, सोयाबीन और उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ख़रीद 24 नवम्बर से शुरू होगी। इसके लिए अब तक 3 लाख से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इसके लिए केन्द्र सरकार से अनुमति मिल गई है। उन्होंने बताया कि 3 लाख 5 हजार 750 मीट्रिक टन मूंग, 1 लाख 68 हजार मीट्रिक टन उड़द, 5 लाख 54 हजार 750 मीट्रिक टन मूंगफली और 2 लाख 65 हजार मीट्रिक टन सोयाबीन ख़रीदी जाएगी। श्री दक ने बताया कि मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 768 रुपये और मूंगफली का 7 हजार 263 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। वहीं उड़द का मूल्य 7 हजार 800 रुपये और सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5 हजार 328 रुपये प्रति क्विंटल रहेगा।

000

राज्य में आगामी रविवार को पांच साल तक के बच्चों को पोलिया की दवा पिलाई जाएगी। उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियन के तहत ये खुराक दी जाएगी। इसके लिए जयपुर जिले में 3 लाख 80 हजार से ज्यादा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दिन दवा लेने से वंचित बच्चों को घर–घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। कोटपूतली–बहरोड़ में अभियान को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ने बैठक की। उन्होंने चिकित्सा विभाग को अन्य विभागों के साथ मिलकर ज्यादा से ज्यादा बच्चों को दवा देने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश में ठंडी हवाओं से सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है। राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। सबसे कम 6 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में रिकॉर्ड हुआ। नागौर में 6 दशमलव 2, सिरोही में 7 दशमलव 2, लूणकरणसर में 7 दशमलव 4, जालौर में 8, दौसा में 8 दशमलव 6, चूरू में 9, भीलवाड़ा में साढे 9 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम शुष्क रहेने और तापमान में किसी बड़े बदलाव के नहीं होने की संभावना जताई है।

000

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यू.आई.डी.ए.आई. ऑफ़लाइन सत्यापन प्रणाली को मज़बूत बनाने के लिए आधार एप लॉन्च करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि आधार ऐप कागज़ रहित पहचान साझाकरण की सुविधा प्रदान करेगा। इस एप के औपचारिक लॉन्च से

पहले, कल यूआईडीएआई ने एक वेबिनार आयोजित की। इस दौरान, प्रतिभागियों को ऑफ़लाइन सत्यापन के फायदों के बारे में जानकारी दी गई।

000

भारत ने वर्ष 2024—25 में 1 लाख 54 हज़ार करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक रक्षा निर्माण किया है। रक्षा उत्पादन में यह बढ़ोतरी पिछले एक दशक में देश के सैन्य औद्योगिक आधार को दिए गए भारी आवंटन और नीतिगत समर्थन का परिणाम है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये का रक्षा विनिर्माण और 50 हज़ार करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात हासिल करना है। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और एक वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में भारत की भूमिका मज़बूत होगी।

000